**चयन प्रक्रिया**

ईआईएल द्वारा अपने "EngSUI" कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए निम्नलिखित चयन प्रक्रिया का पालन किया जाएगा:

क) चरण- I (नवोन्मेष चुनौती अनुदान), चरण- II (स्टार्ट अप प्रस्ताव- सीड फंड) इक्विटी वितपोषण के लिए ईआईएल के साथ पंजीकृत आयोजक संस्थानों / इन्क्यूबेशन केंद्रों के माध्यम से स्टार्ट-अप प्रस्तावों और आयोजक संस्थान के माध्यम से की प्राप्ति

ख) आयोजक संस्थान के अलावा इक्विटी वितपोषण के लिए पैनलबद्ध परामर्शदाताओं के माध्यम से स्टार्ट-अप प्रस्तावों की प्राप्ति

ग) उपरोक्त पात्रता मानदंडों के अनुसार प्रस्तावों की पात्रता जांच

घ) प्रस्तावों का मूल्यांकन और शॉर्टलिस्टिंग। उपरोक्त पैरा II(ग) के अनुसार, पात्र सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदंडों पर किया जाएगा और प्रत्येक मापदंड के लिए औसत अंक दिए जाएंगे।

| क्र सं | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| क | प्रस्ताव की सामग्री और विचार | 25 |
| ख | केन्द्रित क्षेत्र की प्रासंगिकता | 25 |
| ग | नवोन्मेषी सामग्री | 25 |
| घ | ईआईएल व्यवसायों या समाज के लिए प्रासंगिकता | 25 |
| | कुल अंक | 100 |

• पात्रता मानदंडों को पूरा करने की शर्तों के अधीन, स्टार्ट-अप वितपोषण के प्रस्ताव के लिए योग्यता के लिए औसत न्यूनतम कुल अंक 60 है।

• इसके अलावा, प्रत्येक क्र सं (क) अर्थात "प्रस्ताव की सामग्री" और क्र सं (ग) अर्थात "नवोन्मेषी सामग्री " के लिए, योग्यता के लिए न्यूनतम अंक 15 से अधिक या उसके बराबर होने चाहिए।